SWASTIK NEWS

स्वास्तिक न्यूज

मुख्य संपादक: विनय दिवान (मो. 94160-73460) संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | गुरुवार, 12 सितंबर, 2024 | वर्ष:03 | अंक :10 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/2021/87376

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

निर्दलीय प्रत्याशी जसबीर देशवाल की नामांकन जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

सफीदों को नंबर वन हलका बनाने का लिया संकल्प : जसबीर देशवाल

स्वास्तिक न्यूज//सफीदों

निर्दलीय प्रत्याशी जसबीर देशवाल ने बुधवार को सफीदों विधानसभा क्षेत्र से पर्चा भरा। इसके पूर्व शहर की पुरानी अनाज मंडी में नामांकन जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने अपने समर्थकों से कहा कि इस जनसैलाब ने आज ही चुनाव का फैसला बता दिया है। अब बस 8 अक्टूबर का इंतजार है। वर्ष 2014 की तरह इस जीत की भी चर्चा पूरे देश में होगी। जनसभा में करीब तीस हजार लोग पहुंचे थे। इसमें बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। जसबीर देशवाल के मंच पर पहुंचते ही उनका ढोल नगाड़ों फूल मालाओं और पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत हुआ। जनसभा में उमड़े जनसैलाब को देखकर जसबीर देशवाल ने कहा इस स्नेह और विश्वास के लिए सफीदों वासियों का हार्दिक आभार। उन्होने कहा कि अपने हलके की कमान खुद के हाथों में लेने का समय आ गया है। हमे अपने प्रतिनिधिन्व में पिछड़े हुए क्षेत्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका तय करनी है। उन्होने कहा कि यह मेरा आखिरी चुनाव है आपने मौका दिया तो विकास की कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

जसबीर देशवाल ने कहा कि मेरे पास किसी पार्टी की टिकट नहीं बल्कि जनता की ताकत है। सफीदो की जनता ने 2014 का इतिहास दोहराने का मन बना लिया है और कोई भी ताकत आपके इस फैसले को बदल नहीं सकती है। उन्होने कहा कि लोग विकास करने वाले सेवक को चुनेंगे न कि गाली देने वाले बाहरी नेता को। जसबीर देशवाल ने कहा कि वोट देने से पहले नेता को विकास की कसौटी पर परखा जाना चाहिए। उन्होने सभी विपक्षी उम्मीदवारों को चुनौती देने हुए कहा कि जनता उम्मीदवारों के विकास कार्यों को जांचकर ही बटन दबायेगी। नामांकन जनसभा के बाद जसबीर देशवाल सैकड़ों ट्रैक्टर, गाडियां व हजारों बाईक सवार समर्थकों के साथ एसडीएम ऑफिस पर्चा भरने पहुंचे। शहर में जुटी इस भीड़ के कारण हर तरफ जाम लग गया। वहीं भारी भीड़ देखकर विरोधियों के भी होश उड़ गए। जसबीर देशवाल की इस जनसभा ने विरोधियों को यह संकेत दिया कि सफीदों में जनाधार के मामले में उन्हे कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। भारी और उत्साही भीड़ को देखकर यही आवाज आ रही थी कि 2014-19 में सफीदों को नंबर वन हलका बनाने वाले जसबीर देशवाल को दोबारा विधानसभा में भेजना है।

जसबीर देशवाल ने गिनवाई अपने कार्यकाल की उपलब्धियाँ

पूर्व विधायक जसबीर देशवाल ने अपने कार्यकाल की उपलब्ध्यिं गिनवाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के 5 साल में छह सौ करोड़ से करवाया था सफीदों का विकास। उन्होंने कहा कि नेताओं द्वारा किए गए विकास कार्यो के बारे में जानना जनता का हक है। जतना को अपने जनप्रतिनिधियों से काम का हिसाब मांगना चाहिए। मेरे कार्यकाल में सफीदों हलके में 42 डीप बोर ट्यूबवेल लगे। 5 साल मे 54 नई सड़क बनी और 63 सड़कों की रिपेयर हुई। राजावाली सड़क गांवों के लिए एक्सप्रेस वे का काम कर रही है।

छह नये पॉवरहाउस से क्षेत्र की बिजली की समस्या को दूर किया। पांच साल के कार्यकाल के दौरान करीब छह सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्य करवाएं। हलके में नई आटीआई, पिल्लूखेड़ा में महिला कॉलेज और कई स्कूल अपग्रेड करवाएं। हजारो युवाओं को देश विदेश में रोजगार देने का काम किया। उन्होने लोगो से अपील करते हुए कहा कि अगली पीढ़ी संवारने के लिए खासकर तीन मुद्दे शिक्षा, ग्रामीण विकास और रोजगार पर ही वोट करना।

निर्दलीय प्रत्याशी जसबीर देसवाल ने बुधवार को दाखिल करवाया नामांकन

सफीदों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मनीष कुमार फौगाट ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के तहत नामांकन प्रक्रिया जारी है। आज निर्दलीय उम्मीदवार जसबीर देसवाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करवाया है।

चुनाव जिता दो, आईएमटी बनाकर मिटा दूंगा बेरोजगारी की समस्या

जसबीर देशवाल ने हलके की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि दोबारा विधायक बना तो हलके में आईएमटी इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप बनवाकर बेरोजगारी की समस्या को हमेशा के लिए खत्म कर दूंगा। आपके वोट की ताकत और मेरा औद्योगिक अनुभव आईएमटी के सपने को साकार करेगा। उन्होने कहा कि एक्सप्रेस वे 152-डी बनने के दौरान ही आईएमटी का मसौदा तैयार किया था। देश के प्रख्यात आर्थिक सलाहकारों एवं उद्योगपतियों से चर्चा कर परियोजना बनाई है। एक्सप्रेस वे के दोनो तरफ आईएमटी में कई उद्योग धंधे स्थापित होंगे और योग्यतानुसार हर युवा को रोजगार मिलेगा। उनके कार्यकाल के दौरान सफीदों सड़क, बिजली, पब्लिक हैल्थ और शिक्षा में अव्वल था अब रोजगार में भी सबसे आगे होगा। हमारी राजनीति का उद्देश्य केवल विकास और रोजगार है।